**COVID-19 का प्रकोप**

## New Jersey Economic Development Authority (NJEDA)

## फंडिंग की उपलब्धता संबंधी सूचना

**NJ को संभालें और सेवा करें (Sustain and Serve NJ)**

**28 जून, 2021 से 18 जुलाई, 2021 तक आवेदन स्वीकारे जाएँगे**

*संक्षिप्त विवरण*

9 मार्च, 2020 को गवर्नर Phil Murphy ने New Jersey में COVID-19 के प्रसार को रोकने के प्रयासों को बढ़ाने के लिए एक आपातकालीन स्थिति और सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा करते हुए, कार्यकारी आदेश 103 जारी किया। गवर्नर Murphy ने सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति को बार-बार बढ़ाया , जिसे औपचारिक रूप से 4 जून, 2021 को समाप्त किया।

सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध लगाने और गैर-आवश्यक व्यवसायों को बंद करने के आदेश सहित, आगामी रोकथाम के उपायों को लागू किया गया था। हालांकि ये उपाय जनता को COVID-19 के संपर्क में आने से सीमित करने के लिए राष्ट्रीय रूप से अपनाए गए इसी प्रकार के उपायों के संगत थे, लेकिन इससे राज्य की अर्थव्यवस्था पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

उत्तर अमेरिकी उद्योग वर्गीकरण प्रणाली (North American Industry Classification System, NAICS) कोड 722 के अंतर्गत “खाद्य सेवाओं और पेयपदार्थ वाले स्थानों” (जिन्हें इस दस्तावेज में “रेस्टोरेंट” के रूप में वर्णित किया गया है) के रूप में वर्गीकृत किए गए कारोबारों पर COVID-19 का, सुरक्षित परिचालन के लिए कारोबार मॉडल्स अपनाने हेतु लोकेशन डाइनिंग पर लगाई गई पाबंदियों और असाधारण खर्च के कारण, बुरा असर पड़ा है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति प्रयुक्त किए जाने के कारण और लाखों New Jersey निवासियों के अचानक ही घर पर रहने के कारण रेस्टोरेंट्स की आय तेजी से गिर गई या बंद हो गई, और बहुतसे रेस्टोरेंट्स के पास अपने परिचालन मॉडल को बदलने - या छोड़ने - के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा’कुछ रेस्टोरेंट्स को पूरी तरह बंद होना पड़ा और अपने सभी कर्मचारियों को नौकरी से निकालना या लंबी छुट्टी पर भेजना पड़ा। अपना परिचालन मॉडल बदलने वाले बहुत-से रेस्टोरेंट्स ने केवल-टेकआउट मॉडल को अपनाया जिसके कारण उन्हें अपने कर्मचारियों की संख्या को बहुत हद तक कम करना पड़ा।

2019 में, New Jersey Department of Labor and Workforce Development (NJDOL) के अनुसार न्यू जर्सी में 270,000 रेस्टोरेंट कर्मचारी नौकरी करते थे। मार्च 2020 से अप्रैल 2021 तक, NJDOL ने सूचित किया कि लगभग 107,000 रेस्टोरेंट कर्मचारियों ने बेरोजगारी बीमा के दावे दायर किए। 2018 में, National Restaurant Association ने सूचित किया था कि New Jersey में 19,000 से भी ज्यादा रेस्टोरेंट्स थे।

महामारी से पहले यह क्षेत्र विकसित हो रहा था और NJDOL ने अनुमान प्रदान किया था कि यह क्षेत्र 2026 तक 12 प्रतिशत से भी ज्यादा की दर से विकसित होगा। महामारी के दौरान न्यू जर्सी New Jersey Restaurant and

Hospitality Association ने अनुमान लगाया कि New Jersey के लगभग 30 प्रतिशत रेस्टोरेंट्स के लिए स्थायी रूप से बंद होने का जोखिम बना हुआ है।

हालांकि यह आँकड़े चौकाने वाले हैं, लेकिन COVID-19 के प्रति प्रत्यक्ष प्रतिक्रिया के रूप में शुरू किए गए बहुत-से New Jersey आधारित उपक्रमों के कारण ये संभवतः आंशिक रूप से कम हुए, जिनका मुख्य कार्य समान था अर्थात New Jersey के रेस्टोरेंट्स से तैयार भोजन को थोक में खरीदना, जिन्हें बाद में लक्षित जनता को मुफ्त में बाँटा जाता था।

खासतौर पर, इन उपक्रमों का उद्देश्य दो मुख्य लक्ष्य प्राप्त करना था: COVID-19 के कारण प्रत्यक्ष हुए नुकसान की पूर्ति करने के लिए रेस्टोरेंट्स को अत्यावश्यक आय प्रदान करना, खासतौर पर ऐसे रेस्टोरेंट्स को जो कुछ समय के लिए बंद हो चुके थे, जो बंद होने की तैयारी कर रहे थे, और/या जो कर्मचारियों को नौकरी से निकालकर या उन्हें छुट्टी पर भेजकर उनकी संख्या घटा रहे थे; और स्थानीय रेस्टोरेंट्स से खरीदे गए भोजन को कम आय वाले लोगों, वरिष्ठ नागरिकों, स्वास्थ्य सेवा कर्मियों और प्रथम उत्तरदाताओं सहित लक्षित जनता को मुफ्त में बाँटना।
इन उपक्रमों और New Jersey Economic Development Authority (NJEDA या प्राधिकरण) द्वारा लागू किए गए अन्य रेस्टोरेंट समर्थन कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए प्राधिकरण ने नवंबर 2020 में NJ को संभालें और सेवा करें (Sustain and Serve NJ) कार्यक्रम की शुरुआत की। फरवरी 2021 में घोषित अनुदान के पहले चरण में NJEDA ने 340 से भी ज्यादा रेस्टोरेंट्स से 1.5 मिलियन से भी ज्यादा भोजन की खरीद को समर्थित करते हुए पूरे राज्य के 28 संगठनों को $14 मिलियन से भी ज्यादा की राशि प्रदान की।

*उद्देश्य*

NJ को संभालें और सेवा करें कार्यक्रम (Sustain and Serve NJ) का उद्देश्य COVID-19 के कारण होने वाले प्रत्यक्ष नुकसान को कम करने के लिए New Jersey स्थित रेस्टोरेंट्स के लिए अत्यावश्यक आय प्रदान करना है जिसमें ऐसे रेस्टोरेंट्स शामिल हैं जो कुछ समय के लिए बंद हो चुके थे, जो बंद होने की तैयारी कर रहे थे, और/या जो कर्मचारियों को नौकरी से निकालकर या उन्हें छुट्टी पर भेजकर उनकी संख्या घटा रहे थे।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत COVID-19 द्वारा नकारात्मक रूप से प्रभावित New Jersey स्थित रेस्टोरेंट्स से थोक में भोजन खरीदने के लिए प्रत्याशित खर्चों में सहायता हेतु संस्थाओं को न्यूनतम $100,000 और अधिकतम $2 मिलियन का अनुदान देने के लिए $10 मिलियन तक की राशि का इस्तेमाल किया जाएगा।

NJ को संभालें और सेवा करें कार्यक्रम (Serve and Sustain NJ) की आवश्यकताओं के अनुसार, अनुदान ग्राही के लिए अनुदान की राशि से खरीदे गए किसी भी भोजन को पुनः बेचना निषिद्ध किया गया है।

*योग्य उपयोग*

NJ को संभालें और सेवा करें कार्यक्रम (Sustain and Serve NJ) के अंतर्गत अनुदान की राशि का उपयोग भोजन की थोक खरीद से संबंधित ऐसे प्रत्यक्ष खर्चे के लिए अर्थात: रेस्टोरेंट्स की खाद्य और सामग्रियों की लागत; श्रम, पैकेजिंग, और सुविधाएँ; और रेस्टोरेंट्स के लिए कोई भी लाभ-सीमा के लिए ही किया जा सकता है जिसका अनुमान अनुदान के निष्पादन की तिथि से 31 जनवरी, 2022 के बीच किया गया हो।

रेस्टोरेंट से खरीदे गए भोजन के समर्थन में या अन्यथा किसी भी तरह से आवेदक को आनेवाला कोई भी अन्य खर्च इसके लिए योग्य नहीं है, जिसमें आवेदक को आने वाले अप्रत्यक्ष/ऊपरी खर्च (जैसे किराया, बीमा), परिवहन, वितरण, विपणन, संचार, बिक्री कर और ग्रैचुइटी शामिल है, लेकिन यह केवल इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।

*अनुदान की राशियां*

NJ को संभालें और सेवा करें कार्यक्रम (Sustain and Serve NJ) न्यूनतम $100,000 और अधिकतम $2 मिलियन की अनुदान राशि की पेशकश करता है, जिसमें अनुदान की राशि की गणना बिक्री कर, ग्रैचुइटी और डिलीवरी शुल्क को छोड़कर खरीदे जाने वाले भोजन की अनुमानित संख्या और अनुमानित लागत (प्रति भोजन) के हिसाब से की जाती है।

NJ को संभालें और सेवा करें कार्यक्रम (Sustain and Serve NJ) के अंतर्गत खरीदे गए भोजन की प्रतिपूर्ति प्रति भोजन एक-समान दर के आधार पर की जाएगी। हालांकि प्रति भोजन $10 से ज्यादा की राशि पर रेस्टोरेंट्स से भोजन खरीदने वाली संस्थाओं को वर्जित नहीं किया गया है, लेकिन अनुदान निधीयन को प्रति भोजन $10 तक सीमित किया जाएगा।

अनुदान निधीयन के लिए आवेदन के भाग के रूप में संस्था बिक्री कर, ग्रैचुइटी और डिलीवरी शुल्क को छोड़कर खरीदे जाने वाले भोजन की अनुमानित संख्या और अनुमानित लागत (प्रति भोजन) के हिसाब से अनुदान की राशि का अनुरोध करेंगे। अनुदान के सभी अनुमान प्रति भोजन एक-समान दर पर आधारित होंगे जो कि प्रति भोजन $10 की सीमा तक सीमित होंगे। दिए जाने वाले किसी भी अनुदान के लिए अनुदान की कुल राशि का संवितरण NJEDA द्वारा अनुदान ग्राही द्वारा पात्र खर्च किए जाने पर और अनुदान ग्राही द्वारा संवितरण का अनुरोध किए जाने पर वृद्धिशील आधार पर किया जाएगा। इन संवितरण अनुरोधों में लिखित प्रमाण होना चाहिए कि वास्तव में होने वाले खर्च अनुदान निधीयन के पात्र उपयोगों के लिए किए गए हों (अर्थात खरीदे गए भोजन की मात्रा, प्रति भोजन लागत और रेस्टोरेंट जहाँ से भोजन खरीदे गए)।

NJEDA को सभी आवेदन मिलने के बाद, अगर सभी पात्र आवेदनों में अनुरोध की गई अनुदान निधीयन की कुल राशि कार्यक्रम के लिए उपलब्ध $10 मिलियन से ज्यादा होती है, तो NJEDA पात्र पूल के पात्र आवेदकों का हिस्सा घटाकर प्रत्येक पात्र आवेदक के लिए आनुपातिक वितरण करते हुए अनुदान की राशि तय करेगा।

*पात्र आवेदक*

NJ को संभालें और सेवा करें कार्यक्रम (Sustain and Serve NJ) 501(c) गैर-लाभकारी संगठनों सहित सभी सार्वजनिक या निजी संस्थानों के लिए खुला है। पात्र होने के लिए आवेदकों को निम्न दस्तावेज प्रदान करने होंगे:

1) NJ व्यवसाय पंजीकरण प्रमाणपत्र जो https://www1.state.nj.us/TYTR_BRC/servlet/common/BRCLogin से प्राप्त किया जा सकता है।

2) Division of Taxation, में Department of the Treasury से कर भुगतान प्रमाणपत्र जो https://www.state.nj.us/treasury/taxation/busasst.shtml से प्राप्त किया जा सकता है।

3) इनवॉइसेस और रसीदें जिसमें दर्शाया गया हो कि संस्था ने 9 मार्च, 2020 और 28 जून, 2021 के बीच New Jersey स्थित किसी भी रेस्टोरेंट (रेस्टोरेंट्स) से 3,000 या अधिक भोजन की खरीद की हो जिसकी कुल राशि कम से कम $50,000 हो। इनवॉइसेस में कम से कम निम्न होना आवश्यक है: रेस्टोरेंट का नाम, खरीद की तिथि(तिथियाँ), खरीद का विवरण, खरीदी गई मात्रा और कुल लागत।

इसके अतिरिक्त, पात्र आवेदकों को NJDOL के साथ सद्भाव रखना चाहिए जहाँ सद्भाव संबंधी सभी निर्णय NJDOL के आयुक्त के विवेक पर आधारित होंगे। पात्रता के लिए अतिरिक्त आवश्यकताएँ लागू हो सकती हैं, जो किसी भी प्रयोज्य संघीय आवश्यकताओं के आधार पर होंगी।

NJ को संभालें और सेवा करें कार्यक्रम (Sustain and Serve NJ) के वर्तमान अनुदान ग्राही अतिरिक्त निधीयन के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे और संभवतः उन्हें पात्रता दस्तावेज दोबारा जमा नहीं करना होगा।

**रेस्टोरेंट्स इस अनुदान के लिए प्रत्यक्ष रूप से आवेदन नहीं कर सकते।** कार्यक्रम में रूचि रखने वाले रेस्टोरेंट्स स्थापित थोक भोजन खरीदने और वितरण कार्यक्रम वाली संस्था से संपर्क करके संभावित सहभागिता के बारे में चर्चा कर सकते हैं। NJ को संभालें और सेवा करें (Sustain and Serve NJ) के वर्तमान अनुदान ग्राहियों की सूची यहाँ मिल सकती है। रेस्टोरेंट्स New Jersey COVID-19 कारोबार हब के NJ को संभालें और सेवा करें (Sustain and Serve NJ) पृष्ठ पर अपने कारोबार को सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध भी कर सकते हैं। अपने रेस्टोरेंट को सूचीबद्ध करने के लिए कृपया यह फॉर्म भरें। संभाव्य अनुदान आवेदक NJ को संभालें और सेवा करें कार्यक्रम (Sustain and Serve NJ) में सहभागिता के बारे में इस रजिस्ट्री का संदर्भ लेकर रेस्टोरेंट्स से संपर्क कर सकते हैं। इस सूची में शामिल किया जाना New Jersey Economic Development Authority की ओर से NJ को संभालें और सेवा करें (Sustain and Serve NJ) के लिए पात्रता का समर्थन नहीं है। सहभागी रेस्टोरेंट चुनते समय सभी पक्षों को उचित जाँच-पड़ताल करने का सख्ती से सुझाव दिया जाता है।

जिस प्रकार ऊपर उल्लिखित किया गया है, पात्र आवेदकों को 9 मार्च, 2020 और 28 जून, 2021 के बीच New Jersey स्थित रेस्टोरेंट्स से कम से कम 3,000 भोजन की थोक खरीद करने, जिनकी कुल राशि कम से कम $50,000 हो, का इतिहास दर्शाना होगा।

अनुदान आवेदन के हिस्से के रूप में, आवेदकों को उन रेस्टोरेंट्स की सूची प्रदान करनी होगी जिनसे वे NJ को संभालें और सेवा करें (Sustain and Serve NJ) अनुदान प्राप्त होने पर भोजन की थोक खरीद करेंगे। NJ को संभालें और सेवा करें (Sustain and Serve NJ) के जरिए खरीदे गए भोजन के लिए प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए अनुदान प्राप्तकर्ता केवल उन रेस्टोरेंट्स से भोजन खरीद सकते हैं जो निम्नलिखित आवश्यकताओं की पूर्ति करते हों:

- जिन्हें NAICS कोड 722 के अंतर्गत "खाद्य सेवाएँ और पेय पदार्थ के स्थान" के रूप में वर्गीकृत किया गया हो;
- जिनके NJDOL में हाल ही में दायर किए गए कंपनी के WR-30 के आधार पर, आवेदन के समय 50 या उससे कम पूर्णकालिक कर्मचारी हों;
- जिनका New Jersey राज्य में भौतिक रूप से विद्यमान व्यावसायिक स्थान हो;
- जिनके पास NJ कारोबार पंजीकरण प्रमाणपत्र हो जिसे https://www1.state.nj.us/TYTR_BRC/servlet/common/BRCLogin से प्राप्त किया जा सकता है;
- जिनका New Jersey Division of Taxation के साथ सद्भाव हों, जहाँ सद्भाव संबंधी सभी निर्णय Division of Taxation द्वारा उनके विवेक पर आधारित होंगे;
- जिनका NJDOL के साथ सद्भाव हों, जहाँ सद्भाव संबंधी सभी निर्णय NJDOL के आयुक्त के विवेक पर आधारित होंगे;
- यदि Department of Law and Public Safety में इनका नियमन Division of Alcoholic Beverage Control (ABC) द्वारा किया जाता है, तो उनका ABC के साथ सद्भाव हो, जहाँ सद्भाव संबंधी सभी निर्णय ABC के विवेक पर आधारित होंगे;
- जिनके पास नगरपालिका और/या काउंटी सरकार निरीक्षण से प्राप्त वर्तमान और वैध प्रमाणपत्र हो कि रेस्टोरेंट को New Jersey खुदरा खाद्य स्थापना रेटिंग प्रणाली (New Jersey Retail Food Establishment Rating system) के अनुसार संतुष्ट की रेटिंग प्राप्त हुई है;
- जिनके पास यह प्रमाण हो कि 15 फरवरी, 2020 को रेस्टोरेंट परिचालन में था और उस पर 9 मार्च, 2020 को COVID-19 के कारण आपात स्थिति की घोषणा से नकारात्मक प्रभाव पड़ा हो (जैसे- उसका अस्थाई रूप से बंद होना, काम का समय घटाने के लिए मजबूर होना, आय में कमी होना, प्रकोप के कारण कर्मचारियों द्वारा कार्य ना कर सकने की वजह से उसका बहुत ज्यादा प्रभावित होना, या ऐसी आपूर्ति शृंखला होना जो भौतिक रूप से अस्तव्यस्त हो गई हो और जिसके कारण कंपनी-स्तर पर उत्पादन धीमा हो गया हो); और
- पात्रता के लिए अतिरिक्त आवश्यकताएँ लागू हो सकती हैं, जो किसी भी प्रयोज्य संघीय आवश्यकताओं के आधार पर होंगी।

पात्रता दर्शाने के लिए, रेस्टोरेंट्स को NJEDA में निम्न जमा करना होगा:

1) फॉर्म जिसमें यह प्रमाण दिया गया हो कि 15 फरवरी, 2020 को रेस्टोरेंट परिचालन में था और उस पर 9 मार्च, 2020 को COVID-19 के कारण आपात स्थिति की घोषणा से नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। आवेदक

द्वारा अपना NJ को संभालें और सेवा करें (Sustain and Serve NJ) आवेदन जमा करने के बाद, इस फॉर्म को NJEDA द्वारा सीधे उस आवेदन में सूचीबद्ध रेस्टोरेंट्स में भेजा जाएगा।

2) NJ कारोबार पंजीकरण प्रमाणपत्र जिसे https://www1.state.nj.us/TYTR_BRC/servlet/common/BRCLogin से प्राप्त किया जा सकता है; और

3) नगरपालिका और/या काउंटी सरकार निरीक्षण से प्राप्त वर्तमान और वैध प्रमाणपत्र जिसमें निर्दिष्ट किया गया हो कि रेस्टोरेंट को New Jersey खुदरा खाद्य स्थापना रेटिंग प्रणाली (New Jersey Retail Food Establishment Rating system) के अंतर्गत संतुष्ट की रेटिंग प्राप्त हुई है;

अंततः, पात्रता से निषिद्ध कारोबारों में: जुआ और गेमिंग गतिविधि; "वयस्क" (जैसे पॉर्नोग्राफिक, व्यभिचारी, कामुक, अश्लील या अन्य समान प्रकार की अशोभनीय) गतिविधियाँ, सेवाएँ, उत्पाद या सामग्रियाँ (जिसमें नग्न या अर्धनग्न प्रदर्शन या कामुक साधन या उपकरणों की बिक्री शामिल है) का संचालन या उपभोग करना; कोई भी नीलामी या दिवाला या आग या "पट्टा खोना" या "दिवालिया होना" या इस प्रकार की बिक्री; अस्थायी व्यापारियों द्वारा बिक्री, क्रिसमस ट्री बिक्री या अन्य बाह्य भंडारण; उपद्रव करने वाली कोई भी गतिविधि; या कोई भी गैरकानूनी प्रयोजन शामिल हैं, लेकिन केवल इन्हीं तक सीमित नहीं है।

*फंडिंग संवितरण*

NJ को संभालें और सेवा करें (Sustain and Serve NJ) प्रतिपूर्ति आधारित अनुदान है। दिए जाने वाले हर अनुदान के लिए कुल राशि का संवितरण अनुदान ग्राही द्वारा होने वाले पात्र अनुमानित खर्च और NJEDA से संवितरण का अनुरोध किए जाने पर वृद्धिशील तौर पर किया जाएगा। संवितरण अनुरोधों में लिखित प्रमाण होना चाहिए कि खर्च वास्तव में हुआ है और अनुदान निधीयन के पात्र उपयोग के लिए किया गया है (अर्थात खरीदे गए भोजन की मात्रा, प्रति भोजन लागत, कुल लागत, खरीदी गई वस्तुओं का विवरण और रेस्टोरेंट जहाँ से भोजन खरीदे गए)।

अनुदान की अवधि के दौरान, अनुदान ग्राही सहभागी रेस्टोरेंट(रेस्टोरेंट्स) में परिवर्तन या वर्धन के लिए अनुरोध कर सकता है, जिसके लिए उन्हें लिखित आवेदन करना होगा, जहाँ से वे भोजन खरीद सकते हैं और NJ को संभालें और सेवा करें (Sustain and Serve NJ) के जरिए प्रतिपूर्ति प्राप्त कर सकते हैं। रेस्टोरेंट्स में परिवर्तन या वर्धन के अनुरोधों की समीक्षा NJEDA द्वारा की जाएगी।

*आवेदन प्रक्रिया*

28 जून, 2021 से 18 जुलाई, 2021 तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएँगे, और आवेदन की अवधि समाप्त होने के बाद सभी आवेदनों की समीक्षा की जाएगी।

NJ को संभालें और सेवा करें (Sustain and Serve NJ) के लिए आवेदनों को **तीन भागों** में पूरा किया जाएगा:

1) आवेदकों को सबसे पहले एक आवेदन जमा करना होगा जिसमें भोजन की खरीद हेतु प्रस्तावित रेस्टोरेंट्स की सूची शामिल होगी।
2) सूचीबद्ध रेस्टोरेंट्स को उसके बाद सीधे NJEDA से एक छोटा फॉर्म प्राप्त होगा, जिसे NJ को संभालें और सेवा करें (Sustain and Serve NJ) के जरिए भोजन खरीदने के लिए पात्र होने की इच्छा होने पर उन्हें भरना होगा; और
3) रेस्टोरेंट सबमिशन को NJEDA में भेजने से पहले आवेदकों के पास समीक्षा करने और अनुमति देने के लिए भेजा जाएगा। NJ को संभालें और सेवा करें (Sustain and Serve NJ) के जरिए खरीदे गए भोजन की प्रतिपूर्ति हेतु विवेचन के लिए अनुमतियाँ आवेदन की समय-सीमा समाप्त होने से पहले पूर्ण की जानी चाहिए।

यह सुनिश्चित करना आवेदकों का उत्तरदायित्व होगा कि रेस्टोरेंट्स आवेदन की समय-सीमा समाप्त होने से पहले आवश्यक सामग्रियाँ प्रदान करें। आवेदकों को उनके स्वयं की और उनके द्वारा सूचीबद्ध रेस्टोरेंट्स की सामग्रियाँ जमा करने के लिए पर्याप्त समय देना चाहिए।

*शुल्क*

अंतिम लाभार्थियों की आर्थिक कठिनाई के कारण NJEDA इस कार्यक्रम के लिए आवेदकों से कोई शुल्क नहीं लेगा।

*अतिरिक्त जानकारी*

NJ को संभालें और सेवा करें कार्यक्रम (Sustain and Serve NJ) के बारे में अतिरिक्त जानकारी COVID-19 कारोबार जानकारी हब: https://business.nj.gov/covid पर प्राप्त हो सकती है।

अगर आपको भाषा सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया NJEDA को अपना नाम, बोली जाने वाली भाषा और टेलीफोन नंबर languagehelp@njeda.com पर भेजें।